आनंदालय

सामयिक परीक्षा - 1

कक्षा : सातवीं

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 30

दिनांक : 13-07-2023 | समय : 1 घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है - 'अ', और 'ब'
2. खंड 'अ' में कुल तीन बहुविकल्पीय प्रश्न (उप प्रश्नों सहित) हैं और खंड 'ब' में दो वर्णनात्मक (उप प्रश्नों सहित) प्रश्न हैं |
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है |
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

खंड- 'अ'

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीच लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

बातचीत करते समय हमें शब्दों के चयन पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि सम्मानजनक शब्द व्यक्ति को उदात्त एवं महान बनाते हैं । बातचीत को सुगम एवं प्रभावशाली बनाने के लिए सदैव प्रचलित भाषा का ही प्रयोग करना चाहिए। अत्यंत साहित्यिक एवं क्लिष्ट भाषा के प्रयोग से कहीं ऐसा न हो कि हमारा व्यक्तित्व चोट खा जाए । बातचीत में केवल विचारों का ही आदान-प्रदान नहीं होता, बल्कि व्यक्तित्व का भी आदान-प्रदान होता है । अतः शिक्षक वर्ग को शब्दों का चयन सोच-समझकर करना चाहिए । शिक्षक वास्तव में एक अच्छा अभिनेता होता है, जो अपने व्यक्तित्व, शैली, बोलचाल और हावभाव से विद्यार्थियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है और उन पर अपनी छाप छोड़ता है ।

(i) शिक्षक .... होता है -

(क) राजनेता (ख) साहित्यकार (ग) अभिनेता (घ) कवि

(ii) बातचीत में किस प्रकार की भाषा का प्रयोग करना चाहिए ?

(क) अप्रचलित (ख) प्रचलित (ग) क्लिष्ट (घ) रहस्यमयी

(iii) शिक्षक वर्ग को बोलना चाहिए ?

(क) सोच-समझकर (ख) ज्यादा (ग) बिना सोचे-समझे (घ) तुरंत

(iv) बातचीत में आदान-प्रदान होता है –

(क) केवल विचारों का (ख) केवल भाषा का

(iग) केवल व्यक्तित्व का (घ) विचारों एवं व्यक्तित्व का

(v) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है-

(क) बातचीत की कला (ख) शब्दों का चयन

(ग) साहित्यिक भाषा (घ) व्यक्तित्व का प्रभाव

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार दीजिए - (1x7=7)

(i) अनुस्वार युक्त शब्द है -

(क) भाँति (ख) अख़बार (ग) अंक (घ) दिमाग

(ii) 'तरल' शब्द का विलोम है -

(क) ठोस (ख) ठंडा (ग) तरलता (घ) शीतल

(iii) 'नृप' शब्द का पर्यायवाची शब्द है -

(क) सेनापति (ख) प्रधानमंत्री (ग) भूपति (घ) भुनेश्वर

(iv) 'मधुर-मधुर मेरे दीपक जल।' पंक्ति में अलंकार है -

(क) उपमा (ख) पुनरुक्ति प्रकाश (ग) यमक (घ) रूपक

(v) भाववाचक संज्ञा है -

(क) ईमानदारी (ख) मनुष्य (ग) गंगा (घ) सुंदर

(vi) सर्वनाम के भेद हैं -

(क) तीन (ख) चार (ग) पाँच (घ) छह

(vii) 'श्याम ने उससे पूछा' वाक्य में सर्वनाम शब्द है -

(क) श्याम (ख) ने (ग) उससे (घ) पूछा

3. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - (1x4=4)

(i) 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' के रचनाकार का नाम है -

(क) विष्णु कालेकर (ख) प्रताप नारायण मिस्त्री

(ग) शिवमंगल सिंह 'सुमन' (घ) महादेवी वर्मा

(ii) कवि ने 'कटुक निबोरी को किससे भली बताया है ?

(क) घी की कटोरी से (ख) दही की कटोरी से

(ग) पकवान की कटोरी से (घ) मैदा की कटोरी से

(iii) रोहिणी ने मुरलीवाले की बातें सुनकर क्या महसूस किया ?

(क) ऐसा स्नेही फेरीवाला पहले नहीं देखा। (ख) वह महँगा सामान बेचता है।

(ग) ऐसे फेरीवाले आते-जाते रहते हैं (घ) मुरलीवाला अच्छा व्यवहार नहीं करता

(iv) नदियों की बाललीला कहाँ देखी जा सकती है ?

(क) घाटियों में (ख) नंग-धडंग पहाड़ियों पर (ग) उपत्यकाओं में (घ) तीनों विकल्प सही हैं

<u>खंड - 'ब'</u>

4. निम्नलिखित चार में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) कहानी में रोहिणी चिक के पीछे से बात करती है । क्या आज भी औरतें चिक के पीछे से बात करती हैं ? यदि करती हैं तो क्यों ? आपकी राय में क्या यह सही है ?

(ii) नदियाँ हमारे जीवन की आधार है इसलिए उनकी रक्षा करना हमारा दायित्व है । इसके लिए हमें क्या-क्या उपाय करने चाहिए ?

(iii) कवि 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता से हमें क्या संदेश देना चाहते हैं ?

(iv) ग्राहकों (खरीदने वालों) का व्यवहार कैसा होता है ? 'मिठाईवाला' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

5. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए- (1x5=5)

(क) आत्मनिर्भरता

संकेत बिंदु-

- आत्मनिर्भरता क्या है ?
- आत्मनिर्भरता के लाभ
- आत्मनिर्भरता से जुड़ी सावधानियाँ
- उपसंहार

(ख) सबको भाए मधुर वाणी

संकेत बिंदु-

- मधुर वाणी सबको प्रिय
- मधुर वाणी औषधि
- मधुर वाणी का प्रभाव
- मधुर वाणी की प्रासंगिकता
- निष्कर्ष

(ग) समय का सदुपयोग

संकेत बिंदु-

- समय का महत्त्व
- समय पालन की आवश्यकता
- समय के साथ चलना आत्मनिर्भरता क्या है ?
- उपसंहार